15:33 Vo)) LTE 4G 50%

You
April 24, 15:53
scan0670

प्रेषक,

महानिदेशक,
प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेवा में,

अनु सचिव,
युवा कल्याण अनुभाग,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ

संख्याः 67 /चार–08/यु0क0/2018 दिनांक– 24 अप्रैल, 2019

विषय– **137 गौतमबुद्ध नगर में मल्टीपरज हॉल के स्थापना के संबंध में।**

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या–09 भा0स0/पचास–यु0क0–2019–04(जी0एस0) 2017, दिनांक 08 मार्च के क्रम सं0–22 पर अंकित श्री विनोद कुमार, अवर सचिव, भारत सरकार के पत्र दिनांक 17.12.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 137 गौतमबुद्ध नगर में मल्टीपरज हॉल के स्थापना के संबंध में आख्या/संस्तुति शासन को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए है।

इस संबंध में अवगत कराना है कि नगरीय क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण **"खेल विभाग"** द्वारा कराया जाता है तथा शासन के पत्र संख्या–579/बयालिस–2018–152(विविध)/2016 दिनांक 12 मार्च, 2018 में लिए गए निर्णय के अनुसार वर्तमान में संचालित भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत भी नगरीय क्षेत्र हेतु कार्यवाही **"खेल विभाग"** द्वारा की जानी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रश्नगत प्रकरण को "खेल विभाग" को संदर्भित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(शिल्पी पाण्डेय)
उप निदेशक
कृते महानिदेशक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1– जिलाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2– श्री अभिष्ट कुसुम गुप्ता (e-mail abhisht88@gmail.com)

(शिल्पी पाण्डेय)
उप निदेशक